NSW HEALTH
July 2005
[DOH-7620]

HINDI

तपेदिक (टीबी) के लिए थूक इकट्ठा करने के निर्देश
Instructions for Collecting Sputum for Tuberculosis (TB)

आपको तीन प्रातःकालीन थूक (बलगम) के नमूने देने को कहा गया है। इन्हें इकट्ठा करने में आपकी मदद के लिए, हमनें आपको तीन नमूनें के जार और एक प्लास्टिक का थैला दिया है। जारों पर आपके नाम की चेपी लगी है और लगातार तीन दिनों के लिए "1","2" और "3" नम्बर लिखे हैं। ***कृपया जार को अन्दर से किसी भी समय न छूने की सावधानी बरतें।***

नोट : यह आवश्यक है कि आप इस टैस्ट के लिए फेफड़ों से थूक / बलगम निकाल कर दें **न** कि लार (मुंह से पानी)।

यदि आपको बलगम निकालने में परेशानी हो तो आप स्नानगृह में पानी के नल चला दें जब तक कि कमरा भाप से भर न जाए। (*कृपया गर्म पानी के अधिक बहाव और गर्म पानी से जलने से बचाव के लिए ध्यान करें*)। दरवाज़ा बंद कर भाप वाले कमरे में पांच से दस मिनट के लिए बैठें, और फिर कोशिश करें। अन्यथा, थूक निकालने की कोशिश से पहले आप गर्म फ़ौवारे या स्नानकुण्ड में गर्म स्नान ले सकते हैं। अपनी छाती के दोनों तरफ़ ज़ोर से दबाते हुए गहरी सांस लेकर और उसके बाद एक ज़ोर से खांसी करने से भी थूक को बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।

निर्देश :

1. जब आप सुबह उठें और **कुछ भी खाने या पीने या दांत साफ़ करने से पहले,** कृपया "1" निशान लगे जार में थूक का नमूना दीजिए। (देखें कि आपने केवल लार ही नहीं थूकी है)
2. "1" निशान लगे नमूने के जार पर तिथि व इकट्ठा करने का समय लिख दें।
3. **कृपया टपकने से बचाने के लिए जार पर कस कर ढक्कन लगा दें।**
4. दिए गए प्लास्टिक के थैले में जार रख दें।
5. नमूने के जार के साथ प्लास्टिक के थैले को फ्रिज़ में रख दें, **फ्रीज़र में नहीं**।
6. अगली लगातार दो सुबह को ("2" और "3" निशान लगे)जार का प्रयोग करते हुए 1-5 चरण दोहराऐं।
7. नमूनों को चैस्ट / टीबी क्लिनिक या पैथोलिजी डिपार्टमेंट (जो भी आपको बताया गया था)को आखिरी नमूना इकट्ठा करने के बाद, **जितना जल्दी हो सके**, लौटा दें। नमूनों को, जब तक हस्पताल न पहुंचा दिया जाए, ठंडा व सूर्य के प्रकाश से दूर रखें।

नोट : प्राथमिक परिणाम प्राप्त करने में 3 कार्य दिवस लग सकते हैं, और अन्तिम कल्चर के परिणाम प्राप्त करने में 6-8 सप्ताह तक लग सकते हैं। कोई भी विषमता होने पर क्लिनिक नर्स आपको सूचित करेगी।

यदि इन नमूनों को एकत्रित करने से संबंधित आपको कोई प्रश्न पूछनें हों तो कृपया क्लिनिक को ....पर संपर्क करें।

धन्यवाद